Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 03-05-2005

Participants : Mehta Shri Bhubneshwar Prasad

>

Title : Need for all round development of Jharkhand by Damodar Valley Corporation.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : उपाध्यक्ष महोदय, दामोदर घाटी निगम के आठ में से छः थर्मल पावर स्टेशन और डैम, झारखण्ड में हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिलों में है। निगम द्वारा स्थापना के समय से ही झारखण्ड के लोगों की ओर उचित ध्यान नहीं दिया गया। यहां पर विस्थापितों की टोटल बहाली की 10 प्रतिशत बहाली भी नहीं हुई है। मैथन, तिलैया, कोनार डैम, बोकारो थर्मल, चन्द्रपुरा थर्मल, पंचैत, इन छः योजनाओं से आस-पास की जमीन की सिंचाई भी नहीं होती है तथा विकास का काम नगण्य है।

मैं इस संबंध में मंत्री महोदय एवं निगम के पदाधिकारियों का ध्यान आकर्ति करता रहा हूं लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इसकी उच्चस्तरीय जांच करवाएं और झारख्ण्ड के विकास के लिए समुचित कदम उठाएं।

____